हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

11 विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में छाए खिलाड़ी



12 सड़कों को गड्ढा मुक्त व वाहनों के अनुकूल ...



## खबर संक्षेप

### मदविः सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित पीएचडी कोर्स वर्क-प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमएड के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए इकोनॉमिक्स आनर्स पंचवर्षीय के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा बीए व बीकॉम डीडीई के पांचवें व छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### आईटीआई में दाखिले के लिए 30 तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले लेने के लिए इच्छुक आवेदकों को अन्तिम अवसर देते हुए विभाग ने ऑन-द-स्पॉट दाखिला आवेदन की तिथि 30 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी है। दाखिला आवेदन करने के लिए यह अंतिम अवसर है। हसनगढ़ आईटीआई में कुल 18 व्यवसायों में 361 सीटें खाली हैं। इच्छुक छात्र/छात्रा इस दौरान राजकीय आईटीआई हसनगढ़ में आकर हेल्पडेस्क पर दाखिले के लिए निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं तथा इन व्यवसायों में दाखिला ले सकते हैं।

### रिसर्च एसोसिएट पद के लिए रिपोर्टिंग आज तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में रिसर्च एसोसिएट के एक पद पर फेलोशिप के लिए पात्र अभ्यर्थी 27 अगस्त को विभाग में रिपोर्ट करेंगे। केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रो. विनोद बाला तक्षक को स्वीकृत सीएसआईआर रिसर्च स्कीम-सिंथेसिस एंड स्ट्रक्चरल एनालिसिस ऑफ एनर्जी एफिशियंट ल्यूमिनेसेंट नैनोमेटेरियल्स फॉर मल्टीफंक्शनल एप्लीकेशंस के लिए रिसर्च एसोसिएट के एक पद पर फेलोशिप प्राप्त करने के पात्र अभ्यर्थी 27 अगस्त को सारे दस्तावेजों के साथ विभाग में रिपोर्ट कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गांव चमारिया के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विनय निवासी समर गोपालपुर के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व 3 रौंद बरामद हुआ है।

### समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले लोग

**सांपला।** कस्बे के वार्ड 2 के मंगलवार को पानी भरने की समस्या को लेकर एसडीएम आनंद उत्सव से मिले। उन्होंने बताया कि रेलवे ब्रिज के दोनों तरफ बने सर्विस रोड पर गंदा पानी भरा रहता है। उन्होंने अधिकारी से पानी निकासी की गुहार लगाई। पूर्व पार्षद शिवकुमार, श्रीकांत ,विक्रम, ढीला, राहुल, सुशील आदि ने कहा कि इस मार्ग पर उनकी दुकान व मकान है। हर वक्त गंदा पानी खड़ा रहने की वजह से दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है वहीं वहां रहना भी मुश्किल हो गया।

### 72 हजार की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 72 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव चमारिया निवासी सुमन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। 5 मई को सुमन के पास फोन आया था।

### एमडीयू में 'डिजिटल कंटेंट क्रिएशन' पर विशेष व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी—मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित सात दिवसीय अप-स्किलिंग कार्यक्रम में आज विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर के शिक्षा प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र पाल ने कंटेंट क्रिएशन एंड क्यूरेशनः वीडियो, ऑडियो और मल्टीमीडिया विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. पाल ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला डिजिटल कंटेंट केवल तकनीकी दक्षता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच का संयोजन है।

## स्वामित्व योजना के तहत गांवों में लाल डोरे के अंदर की जमीन पर सरकार देगी मालिकाना हक

# जमीन पर कानूनी हक के लिए 1.48 लाख ग्रामीण प्रॉपर्टी कार्ड धारक आबादी देह एक्ट के इंतजार में

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

विकास एवं पंचायत विभाग ने काफी समय पहले गांवों में स्वामित्व योजना के तहत 1 लाख 48 हजार प्रोपर्टी कार्ड दिए। इन कार्ड धारकों को सरकार के आबादी देह एक्ट का इंतजार है। एक्ट बनने के बाद ही कानूनी रूप से कार्ड धारक जमीन के मालिक बनेंगे। जिन लोगों को किसी भी वजह से अभी तक कार्ड उपलब्ध नहीं हुए हैं, उन्हें ये कार्ड एक्ट बनने के बाद ही सरकार देगी। सरकार उस समय ये भी बताएगी जमीन की रजिस्ट्रियां बनाई जाएंगी या प्रोपर्टी कार्ड ही बनेंगे। फिलहाल तक लाल डोरे के अंदर रहने वाले लोगों को अब तक अपनी जायदाद का मालिकाना हक प्राप्त नहीं है। क्योंकि उनके पास कोई भी ऐसा सरकारी दस्तावेज नहीं है कि जिससे ये प्रमाणित कर सकें कि जिन जमीन पर वे काबिज हैं, वे उसके मालिक भी हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वे बैंक से लोन नहीं ले सकते थे। प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में परेशानी आती है। पंचायतों को सबसे ज्यादा समस्या अवैध कब्जों से आती थी। कोई रिकॉर्ड न होने के कारण आसानी से पंचायती जमीनों पर कब्जे हो जाते थे। अब पंचायतों को इससे निजात मिलेगी। वहीं, लोगों को बैंक लोन की सुविधा मिल सकेगी।

### गांवों को लाल डोरे से करना है मुक्त

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2019-20 में लाल डोरा क्षेत्र की ड्रोन मेपिंग 'स्वामित्व योजना' के तहत करवाई थी। मेंपिंग में ड्रोन से भूमि पार्सल का मानचित्र तैयार करवाया। लोगों को ये बताया गया कि कौन परिवार कितने जमीन पर काबिज है। इसके बाद लोगों से आब्जेक्शन लिए गए। ताकि जमीन के प्रोपर्टी कार्ड देने में पूरी तरह से पारदर्शिता बने। गांव के लाल डोरे के अंदर मौजूद प्रॉपर्टी की डिजिटल मैपिंग के बाद उनका नक्शा तैयार किया गया । जिसमें लाल डोरे में अंदर प्रॉपर्टी की एक यूनिक आईडी बनाई गई है और उसी आधार पर उस प्रॉपर्टी का मालिकाना हक कब्जेदार के नाम दिया गया है। जो व्यक्ति जमीन पर काबिज है, वह ही कानूनी रूप से जमीन का मालिक बने। स्वामित्व योजना का उद्देश्य गांवों को लाल डोरा मुक्त करना है।

### लाल डोरा के राजस्व रिकॉर्ड में एक गांव का होता है एक हदबस्त नंबर

लाल डोरा के राजस्व रिकॉर्ड में एक गांव का केवल एक हदबस्त नंबर होता है। ये नंबर किसी ग्रामीण बस्ती में भूमि की सीमाओं के आरंभ और अंत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। इसे हदबस्त और लाल डोरा के भीतर किसी भी संपति का राजस्व रिकॉर्ड में अधिकार नहीं है। यानि के राजस्व रिकॉर्ड में ये मालूम नहीं है कि जमीन का मालिक है कौन। इसकी वजह से इस जमीन को लेकर आपसी विवाद होते रहते हैं। मामला कोर्ट कचहरी तक पहुंचता है तो न्यायालय भी ये तय नहीं कर पाता है जमीन का मालिक है कौन। वैसे एक अवधारण बनी हुई है कि लाल डोरे के अंदर की जमीन पर जिसका कब्जा है, वह इसका मालिक है।

# सोमवार से रुक रुककर हो रही बारिश से सेक्टर मोहल्ले, गलियां, सड़कें, पार्क सब जलमग्न

▶▶ जलभराव, नाले टूटे, मिट्टी कटाव और बेसहारा गोवंश के बिगड़े हालात ▶▶ याद आ रही 1995 की बाढ़

**सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक जिले में बारिश**

| | |
|---|---|
| रोहतक | 58 एमएम |
| महम | 7 एमएम |
| सांपला | 5 एमएम |
| कलानौर | 3 एमएम |
| लाखनमाजरा | 5 एमएम |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर व ग्रामीण एरिया में सुबह से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां एक तरफ गलियों और मुख्य मार्गों पर जलभराव से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण मिट्टी कटाव से कई जगहों पर दीवारें तक गिरने की कगार पर पहुंच गई हैं। ग्रामीण इलाकों में दो माह पहले बने नाले भी बारिश की मार नहीं झेल पाए और टूटकर खेतों व सड़कों में पानी भरने का कारण बन गए। जनस्वास्थ्य विभाग ने हालात संभालने के लिए 20 अतिरिक्त मोटरें लगाई हैं, लेकिन पानी की निकासी व्यवस्था इतनी कमजोर है कि नतीजे सामने नहीं आ रहे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। ज्यादा बारिश के चलते एक दम से कभी भी जलभराव खत्म नहीं होता है। लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण भी समस्या तो होती है। वहीं लगातार हो रही बारिश को देखते हुए शहरवासी डरने भी लगे हैं। उनका कहना है कि कभी सितम्बर 1995 में आई बाढ़ जैसे हालात न हो जाएं। इसके लिए प्रशासन को पहले ही इंतजाम कर लेने चाहिए।

■ ग्रामीण इलाकों में दो माह पहले बने नाले भी बारिश की मार नहीं झेल पाए, टूटकर खेतों व सड़कों में पानी भरने का कारण बन गए

**पीजीआई में सड़क पर गिरा पेड़**



**सड़कें जलमग्न**



### सड़कों के गड्ढे बने परेशानी का कारण

लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर की टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत और गड्ढे भरने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन बारिश के चलते विभाग काम शुरू नहीं कर पाया। जिस सड़क पर थोड़ी मरम्मत की गई थी, वहां भी दोबारा बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। नतीजतन, शहर की मुख्य सड़कों पर बने गड्ढों से वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांवों में स्थिति और भी खराब है। मिट्टी कटाव से खेतों के रास्ते और चौपाल के आसपास की जमीन धंस गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नाले और सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था, जिसकी वजह से पहली बारिश में ही सारे काम की पोल खुल गई।

### बिजली गुल होने से बढ़ी दिक्कत

लगातार बारिश की वजह से शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। कई कॉलोनियों और गांवों में बिजली दिनभर गुल रही, जिससे लोग घरों में परेशान रहे। बिजली न होने के कारण लोग न तो पानी की मोटर चला पाए और न ही अन्य कामकाज कर सके। लोगों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को बारिश से पहले ही पुख्ता इंतजाम करने चाहिए थे। हर साल बारिश में जलभराव और सड़क धंसने की समस्याएं सामने आती हैं, लेकिन विभाग समय रहते काम शुरू नहीं करते। नाले और सड़कों का निर्माण केवल कागजों में ही मजबूत दिखाया जाता है, जबकि जमीनी स्तर पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है।

### पार्क भी पानी से लबालब

शहर के अधिकतर पार्क तालाब बन गए हैं। पानी निकासी के लिए पर्याप्त साधन नहीं है। रोजाना हो रही बारिश की वजह से हालात और बिगड़ सकते हैं। चौ देवीलाल पार्क सहित अन्य पार्कों में आना जाना बंद हो गया है।

### बेसहारा गोवंश से बढ़ रहा हादसों का खतरा

बारिश के कारण बेसहारा गौवंश भी मुख्य सड़कों पर शरण ले रहे हैं। रात के समय जलभराव और अंधेरे के कारण यह जानवर दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे हो रहे हैं। दिल्ली बाईपास, दिल्ली रोड और सेक्टर-4 जैसे व्यस्त चौराहों पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब बताई जा रही है। कई बार वाहन चालक अचानक सड़क पर बैठे या खड़े गोवंश से टकराते-टकराते बचते हैं।



### यह है लोगों की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि जिन किसानों की फसलें नाले टूटने या जलभराव से बर्बाद हुई हैं, उन्हें मुआवजा दिया जाए। वहीं, शहरवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि बारिश के बाद सड़क मरम्मत और नालों की सफाई का काम तुरंत शुरू किया जाए। लोगों का यह भी कहना है कि केवल बारिश को जिम्मेदार ठहराना समस्या का हल नहीं है। जिन विभागों और ठेकेदारों की जिम्मेदारी थी, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती तो हालात इतने बिगड़ते ही नहीं।

### पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण प्रोफेशन : परवीन के मोदी

**रोहतक।** पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण प्रोफेशन है। इस प्रोफेशन में कामयाबी प्राप्त करने के लिए भाषायी कौशल विकसित करने की सख्त जरूरत है। साथ ही, समालोचनात्मक सोच बेहद जरूरी है। लिखने का अभ्यास तथा निरंतर अध्ययन पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। ये कॅरियर मंत्र प्रतिष्ठित पत्रकार, पूर्व संपादक परवीन के मोदी ने मदवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित मीडिया स्किल्स एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों के साथ साझा किया। नामी मीडियाकर्मी परवीन के मोदी ने- भविष्य के पत्रकारों के लिए भविष्योन्मुखी रोडमैप विषय पर व्याख्यान दिया। परवीन मोदी ने अपने लंबे पत्रकारीय अनुभव से विभिन्न उदाहरण भी दिए।

■ मदवि के महर्षि पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यशाला

### महम के 15, सांपला के 9 तथा कलानौर के 17 गांवों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि गत दिनों जिला में हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान का दावा अपलोड करने के लिए जिला प्रशासन की सिफारिश पर सरकार द्वारा जिला के 41 गांवों के किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोल दिया है। उन्होंने बताया कि महम तहसील के 14, लाखनमाजरा उप तहसील के एक तथा कलानौर तहसील के दो गांवों के किसानों के लिए 31 अगस्त 2025 तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला के जिन गांवों के किसान 31 अगस्त तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना नुकसान दर्ज करवा सकते है, उनमें महम, फरमाणा खास, सैमान, बेडवा, बहलबा, सीसर खास, शेखपुर तितरी, खेड़ी महम, भैणी भेरों, भैणी सूरजन, भैणी महाराजपुर, मदीना कोरसान, भराण व भैणी चंद्रपाल, निंदाना, बनियानी व काहनौर शामिल है।



# 3,23,618 बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवाई खिलाई

■ जो छात्र दवा नहीं ले पाए हैं उन्हें 2 सितंबर को खिलाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों की समन्वय से बच्चों को पेट के कीड़े खत्म करने के लिए कृमिनाशक दवा खिलाने के अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपायुक्त आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पेट के कीड़े मारने वाली दवा खिलाने के उपरांत उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। बच्चों में कृमि नियंत्रण से खून की कमी में सुधार तथा बेहतर पोषण स्तर होता है। उप सिविल सर्जन डॉ अंजलि अरोड़ा ने बताया कि दस्त लगना, पेट में दर्द होना, कमजोर होना, उल्टी लगना, भूख न लगना, पढ़ाई में मन न लगना व खून की कमी होना आदि कुपोषण के लक्षण है।

रोहतक जिले के सभी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, कोचिंग सेंटर कॉलेज आदि में मनाया गया। उन्होंने बताया कि आज 378944 बच्चों में से लगभग 323618 बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवाई खिलाई गई। बाकि बच्चों को 2 सितम्बर को खिलाई जाएगी।

### डॉ. सचिन कुमार शर्मा बने रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के महानिदेशक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एलुमनाई (पूर्व छात्र) डॉ. सचिन कुमार शर्मा को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक प्रमुख थिंक टैंक रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। आरआईएस के महानिदेशक के रूप में डॉ. सचिन कुमार शर्मा विकासशील देशों, विशेषकर अल्पविकसित देशों (एलडीसीज) के लिए अनुसंधान, नीति संवाद और क्षमता निर्माण को नई दिशा देंगे। उनका नेतृत्व वैश्विक विकास विमर्श को सशक्त बनाएगा तथा दक्षिण-दक्षिण सहयोग को और मजबूती प्रदान करेगा। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार तथा विभाग के अन्य शिक्षकों ने एलुमनाई डॉ सचिन शर्मा को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### धूमधाम से मनाया गणेश महोत्सव



**रोहतक।** श्री 78 संघ परिवार द्वारा आयोजित 17 वा गणेश महोत्सव श्री दुर्गा भवन मंदिर में बड़ी धूमधाम से बनाया जाएगा। जिसमें बप्पा बप्पा की आगमन यात्रा सोम मंदिर से चलकर झज्जर रोड रेलवे रोड भिवानी स्टैंड होते हुए बप्पा को दुर्गा भवन मंदिर पंडाल में आगमन किया गया। यात्रा में शहर की सभी सामाजिक संस्थाएं और संत समाज मौजूद रहे।

**नई पहल** शहर अब स्वच्छता अभियान-2025 बनेगा जनभागीदारी का उदाहरण

# अमित रोहतकिया बनाएंगे स्वच्छता गीत, अगमजोत ग्रेसी और सुकर्मा जग्गा करेंगे शहर के लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए अब सिर्फ नगर निगम ही नहीं बल्कि समाज के सभी वर्ग मिलकर आगे आएंगे। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत नगर निगम रोहतक ने लोकप्रिय चेहरों और सामाजिक संगठनों को अभियान से जोड़ा है। आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान को असरदार और जनसहभागिता आधारित बनाने के लिए हरियाणा के मशहूर गायक अमित सैनी रोहतकिया खासतौर पर स्वच्छता जागरूकता का एक गीत तैयार करेंगे। वहीं अगमजोत कौर, ग्रेसी कठपुतली कॉमेडियन और एंकर सुकर्मा जग्गा वीडियो संदेशों के जरिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।



### मोबाइल ऐप से मिलेगी तुरंत मदद

अभियान के तहत आमजन को स्वच्छता ऐप का इस्तेमाल करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। अगमजोत कौर और ग्रेसी कठपुतली ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोग गंदगी की तस्वीर ऐप पर अपलोड करें, जिससे शिकायत सीधे निगम दफ्तर पहुंचे और संबंधित अधिकारी तुरंत कार्रवाई करें। बैठक में मौजूद सभी कलाकारों और संगठनों ने नगर निगम का साथ देने का वादा किया। निगम आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकार का काम नहीं है, यह समाज का सामूहिक दायित्व है। यदि हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए तो रोहतक ही नहीं, बल्कि पूरा हरियाणा स्वच्छता का आदर्श बन सकता है।

### स्कूलों, पार्कों और क्लबों से होगा जुड़ाव

अभियान के दौरान आरडब्ल्यूए अपने-अपने वार्ड व पार्कों में सफाई व्यवस्था, डस्टबिन लगाने और लोगों को जिम्मेदारी समझाने का काम करेंगे। वहीं एनजीओ और क्लब जैसे इनर व्हील क्लब, पनॉस क्लब, सहेली क्लब व सखी क्लब बच्चों के लिए चित्रकला, लेखन, भाषण, कविता प्रतियोगिताओं और स्वच्छता रैलियों का आयोजन करेंगे। नगर निगम का मानना है कि बच्चों और युवाओं को इस अभियान में जोड़ना सबसे प्रभावी रहेगा, क्योंकि यही लोग घर-घर संदेश पहुंचा सकते हैं।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।



हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।



## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## न्यूज डायरी



### आत्मपरिचय प्रतियोगिता में जॉन वेस्ले के विद्यार्थी

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में आत्म परिचय वाचन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों ने मंच निर्भयता दिखाते हुए अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व को प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में बच्चों का मंच पर आकर अपने विचार स्पष्ट शब्दों में प्रस्तुत करना उनकी प्रतिभा और लगन का प्रमाण है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, रितु खुराना, कनिका गांधी, सुमन अरोड़ा, वरुणी , अरुणा उपस्थित रहे।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में केशव प्रथम मैकेनिकल, राघव द्वितीय ओमसीए, वर्षा एल आई एस और अनुराग सिविल तृतीय रहे। प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक पारुल एवं पूजा त्यागी रहे। वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान विकास गोयल ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निशा, संजय सिंह मौजूद रहे।

## विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में छाए खिलाड़ी

# बारिश की वजह से रोकी गईं कुछ खेल प्रतियोगिताएं

### जिला शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2025-26 की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के नोडल अधिकारी विजेंद्र हुड्डा व जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक संजय मलिक के दिशा निर्देशन में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं आज भी करवाई गई।

जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने बताया कि जिनमें मुख्य रूप से आर्यन बॉक्सिंग अकेडमी सुनारिया में बॉक्सिंग जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता, इसके साथ ही आदर्श गुरुकुल सिंहपुरा में जिला स्तरीय लड़कों की योग प्रतियोगिता और जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता इसके अलावा जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता इसके अलावा लड़कों की ही जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से कराया गया, इसके अलावा उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से प्रतियोगिताओं के आयोजन में बाधा आ रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ खेलों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है, इन खेलों की नई तिथियां व स्थान की सूचना बाद में जारी की जाएगी। शिक्षा विभाग के मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज मौजूद रहे।



**रोहतक।** आदर्श गुरुकुल सिंहपुरा में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में योग खिलाड़ियों के साथ डॉक्टर जनक राज ( अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी, योगएक्सपर्ट )व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### बैडमिंटन के परिणाम

बैडमिंटन (लड़के) आईएमटी, एसआरएस पब्लिक स्कूल

1. तुषार–महिंद्रा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (प्रथम)
2. ऋतिक नांदल–एसआरएस पब्लिक स्कूल (द्वितीय)
3. पुलकित–आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल (तृतीय)
4. तुषार–मॉडल स्कूल, सेक्टर-4, रोहतक (चतुर्थ)
5. मानव मलिक–दलजीत सिंह मॉडल स्कूल, सेक्टर-4, रोहतक (पंचम)

#### जूडो (अंडर-19 आयु वर्ग) सर छोटूराम स्टेडियम

40 किग्रा–हिरेन शर्मा, प्रथम
45 किग्रा–आर्यन, प्रथम
50 किग्रा–शिवम, प्रथम
55 किग्रा–तकदीर, प्रथम
60 किग्रा–खुशवंत, प्रथम
66 किग्रा–अजय, प्रथम
73 किग्रा–रोहित, प्रथम
81 किग्रा–हिमांशु, प्रथम
90 किग्रा–हैप्पी, प्रथम
90 किग्रा–दीपांशु, प्रथम



## आईआईएम ने आईपीएम एवं आईपीएल 2025-2030 बैच का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) ने 23 और 24 अगस्त 2025 को पांच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम (आईपीएम) की सातवीं बैच तथा एकीकृत विधि कार्यक्रम (आईपीएल) की पांचवीं बैच 2025-2030 का स्वागत किया। इस दो दिवसीय इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित विद्वानों, नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ सिविल सेवकों तथा उद्योग जगत की हस्तियों को आमंत्रित किया गया। समारोह का उद्घाटन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अमन चौधरी (मुख्य अतिथि), पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह(विशिष्ट अतिथि), राज्य वित्त आयोग हरियाणा के अध्यक्ष संजीव कौशल , विशेष पुलिस महानिदेशक अमरदीप सिंह राय (यातायात एवं सड़क सुरक्षा), पंजाब तथा एवाईवी कृष्ण अतिरिक्त निदेशक सीबीआई दिल्ली द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में किया गया। प्रोफेसर धीरज शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में छात्रों को उनकी नई यात्रा के लिए बधाई दी और उन्हें “आईआईएम संस्कृति” से परिचित कराया, जो जिज्ञासा और निरंतर सीखने को प्रोत्साहित करती है।

#### रेखांकित किया

सीबीआई दिल्ली के अतिरिक्त निदेशक एवाईवी कृष्ण ने अपने मुख्य वक्तव्य में स्मार्ट पुलिसिंग और आर्थिक समृद्धि केबीच संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तकनीक का प्रभावी उपयोग सुरक्षित शहरों के निर्माण में किया जा रहा है। संजीव कौशल ने संगठनों को सतत विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ नैतिक संबंधों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा जीवन शैली विकसित करनी चाहिए जिससे अनैतिक तत्व उनसे दूर रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी कार्य से पहले गहन चिंतन और विचार-विमर्श करने की प्रेरणा दी।

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC
Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS
GNM 3 YEARS
JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

Hartron
HARTRON
(हरियाणा सरकार का उपक्रम)
COMPUTER TRAINING & SKILL CENTRE
हारट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
AS PER HARYANA GOVT. NOTIFICATION DATED 19/09/19 SETC (PART-1) EXEMPTED AFTER SIX MONTHS/ONE YEAR COURSES
Diploma/Certificate Course in
- Software
- Financial Accounting
- Web Technology
- Desktop Publishing
- Hardware & Networking

Short Term Courses
- Office Automation
- Digital Marketing
- Software Testing
- Fundamental of Cyber Security

Features
- Computer Courses as per current IT market
- Excellent Curriculum
- Regular/Part time classes
- Well Trained and Qualified Faculty
- CCTV, Biometric Attendance System
- Flexible Timing for job Holders
- Air-Conditioned Labs & Theory Rooms
- Computer Labs for Practice Sessions

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
• Neuro - ICU, General - ICU, HDU (High Dependancy Unit)


MRI & CT SCAN CENTRE
Equipped with Most Latest
1.5 HIGH TESLA WIDE OPEN MRI & CT
गणेश महोत्सव
के उपलक्ष्य में विशेष छूट 27.08.2025 से 06.09.2025 तक

| | | |
|---|---|---|
| MRI दिमाग एवं दिमाग की वीनोग्राफी (Venography) | ~~8000~~ | @2500/- |
| MRI दिमाग एवं दिमाग की एंजियोग्राफी (Angiography) | ~~8000~~ | @2500/- |
| MRI दिमाग (Brain) या रीढ की हड्डी (Spine) Detail | ~~6000~~ | @1800/- |
| MRI दिमाग (Brain) या रीढ की हड्डी (Spine) Screening | ~~3000~~ | @950/- |
| C.T. Scan दिमाग (Brain) | ~~2000~~ | @900/- |

बाकी सभी टैस्टों पर 50% डिस्काऊंट
BRAIN / SPINE / NERVE / MUSCLE DISORDERS
दिमाग की चोट व रसौली (Head Injury / Brain Tumor)
रीड की हड्डी की रसौली/डीस्क स्लिप/ Cervical Disc.
किसी भी तरह का सिर दर्द (All types of Headache)
मिरगी/दौरे/झटके लगना (Fits/Epilepsy/Myoclonus)
किसी भी वजह से बेहोश होना (Loss of Conciousness)
ब्रेन ट्यूमर, लकवा लगना, मुह टेढा होना / हवा लगना (Paralysis/Brain Attack
दिमाग की नसों में खून जमना/नस फटना (Brain Hemorrhage)

दिमागी बुखार/दिमाग में बुखार चढ़ना (Meningitis/Encephalitis/Encephalopathy)
दिमाग की टी.बी./फफूंदी/दिमाग का कीड़ा व अन्य इंफैक्शन (Brain Infections)
याददाश्त कम होना (Forgetfullness) / मरीज के व्यवहार व व्यक्तित्व में बदलाव
एक दम आंख की रोशनी जाना/एक के दो दिखाई देना/ पुतली न घुमना व पलक गिर जाना।
चक्कर/उल्टी/चेहरे पर बिजली नुमा या अन्य दर्द होना या मुंह टेढा होना व आंख बन्द न होना
हाथ पैर में झंझनाहट/चीटियां/सूनापन व मांसपेशियों का पतला पड़ना/ बायटे आना (All muscle and Nerve disease)
गर्दन टेढी होना/लिखते-लिखते हाथ रूक जाना/हाथ या पैर में कंपन होना Dystonia/Tremor)
हरियाणा सरकार
ESI,
आयुष्मान भारत
Private TPA

Dr. Balkishan Goel
M.B.B.S., M.S., M.CH.
CONSULTANT NEUROSURGEON
24 HOURS FACILITY
* MRI * DIGITAL X-RAY
* C.T. SCAN * LABORATORY
* E.E.G. / N.C.V. * E.C.G.
NEAR REGIONAL OFFICE OF P.N.B., SONIPAT ROAD, ROHTAK
Ph. : + 91- 9053005599 Mobile : 9254302848, 01262-253500

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने पेंशन दोबारा शुरू करने की मांग की

**रोहतक।** जनता कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग ने सरकार से अपनी पेंशन दोबारा शुरू करवाने की मांग की है। सीएम नायब सिंह सैनी को भेजी गई शिकायत में महेश कुमार ने बताया कि वह बुजुर्ग होने के साथ-साथ 90 प्रतिशत विकलांग है। अप्रैल 2022 से उसकी पेंशन विभाग द्वारा बंद कर दी गई है। कारण बताया गया है कि उनकी आय बढ़ गई है। जबकि उनकी सभी कागजात पूरे हैं। वह इस मामले में एडीसी सहित अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा गया है। लेकिन दोबारा पेंशन शुरू नहीं की जा रही। इसलिए उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा 5 को

**महम।** किसानों और कमेरों की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की याद में महम के चौबीसी चबूतरे पर 5 सितंबर को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत के प्रधान अनिल राठी, मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक व महासचिव मास्टर रामफल ने बताया कि सुबह दस बजे चबूतरे पर हवन किया जाएगा।

### मांगों को लेकर कर्मियों ने जताया रोष

**सांपला।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने मंगलवार को पब्लिक हेल्थ कार्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सज्जन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। सरकारों ने बार-बार आश्वासन देकर गुमराह कर रही है। इस मौके पर जयदीप , संजीव कुमार नवनीत मलिक, अनिल कुमार विनोद रामपाल मा अजय कपिल आदि उपस्थित थे।

# विस में गूंजा रोहतक की सफाई का मामला, बत्रा ने कहा- स्टे हटवाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था की गूंज अब विधानसभा तक जा पहुंची है। विधायक भारत भूषण बतरा ने विधानसभा में सफाई के मामले को प्रमुखता के साथ उठाया। उन्होंने कहा कि भले ही 2 साल से मामला अदालत में हो लेकिन सरकार को इस पर गंभीरता से काम करना चाहिए था। सरकार अदालत में रिक्वेस्ट करे कि सरकार के काम रुके हुए हैं और स्टे हटाया जाना बहुत आवश्यक है।

बत्रा ने कहा मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़ी कानून विशेषज्ञों की एक बहुत बड़ी टीम है। इसके बावजूद जब भी कोई प्रदेश के विकास का या कोई भी मामला अदालत में जाता है तो स्टे हो जाता है और सालों तक जारी रह जाता है। आवश्यक मामलों में स्टे हटाता नहीं है और विकास का सारा काम लटक जाता है। विधायक ने कहा कि 23 सितंबर 2023 को 49 करोड़ का रोहतक में कूड़े के निष्पादन करने के लिए टेंडर हुआ था। जो भी वजह रही वो टेंडर ठेकेदार ने कोर्ट में चलेंज कर दिया।

### कूड़े के ढेर, सड़ रहा शहर

*विधायक ने कहा कि पूरे 2 साल होने जा रहे हैं वह स्टे आज तक नहीं हटा है और रोहतक पूरा सड़ रहा है कूड़े के ढेर में। इसके साथ ही उन्होंने एक अन्य मामले का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री को कहा कि उन्होंने 25-25 करोड़ के काम सड़कों के लिए मंजूर किए थे। यह मामला में भी डेढ़ साल से कोर्ट में स्टे है, सारा काम लटक गया है। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा अदालत को विश्वास दिलवाना चाहिए कि इन कामों की वजह से सरकार के काम लटक रहे हैं, लोगों को दिक्कत हो रही है।*

### असिस्टेंट प्रोफेसर को रेगुलर करने का मामला भी उठाया



*बत्रा ने कहा कि सरकार ने पिछले दिनों गवर्नमेंट के गेस्ट लेक्चरर्स को सुरक्षा दी और इसी सदन में मुख्यमंत्री ने कहा था कि विश्वविद्यालय के जो असिस्टेंट प्रोफेसर हैं उनको भी रेगुलर करेंगे। विधायक ने कहा कि वह भी नियमों की तरह लगे हैं, मुख्यमंत्री ने वायदा भी किया था तो उन्हें अब नियमित कर दिया जाना चाहिए। बत्रा ने कहा कि वे लगभग 1500 है अगर उन्हें नियमित कर दिया जाएगा तो सरकार का धन्यवाद होगा।*

### एससी समाज की धर्मशालाओं पर टैक्स न लगे

*विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा यह सोशल वेलफेयर और लोकल बॉडीज के मिनिस्टर से संबंधित मामला है । वर्ष 2013 में हाउस टैक्स से संबंधित एक पॉलिसी बनी थी, जिसमें धर्मशालाओं आदि को राहत दी गई थी। विधायक ने कहा कि रविदास धर्मशाला या और एससी सामाजिक धर्मशालाएं है जिन्हें लाखों रुपए का टैक्स बिना देखे, बिना कानून को समझे भेजा जा रहा है।*

### 25 कॉलोनी में दूषित पेयजल, सीवर का बुरा हाल

*विधायक भारत भूषण पत्र ने सदन में कहा कि पूरे प्रदेश में सीवरेज व्यवस्था का और सड़कों का बहुत बुरा हाल है। हालत यह है कि बिना बारिश हुई सीवरेज की वजह से बहुत जगह पर जल भराव हो जाता है। पर्यावरण की तो बात ही नहीं कर सकते। विधायक ने कहा कि रोहतक की 25-25 कॉलोनी में दूषित पेयजल आ रहा है।*

### नेकीराम कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी 10 को

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में 10 सितंबर को जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रवीण गोयल ने बताया कि इसमें रोहतक जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के साइंस संकाय के विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसकी सूचना ईमेल के माध्यम से भी ज़िले के सभी कॉलेजों को दी जा चुकी है। कॉलेजों को पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन लिंक तथा बायोडाटा सीट का परफोर्मा भी भेजा गया है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि महाविद्यालय पिछले कई वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहा है।

## सड़कों को गड्ढा मुक्त व वाहनों के अनुकूल बनाएं अफसर

उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दी स्पष्ट चेतावनी

# सड़क दुर्घटना में जानमाल का नुकसान हुआ तो संबंधित विभाग पर होगा केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग से संबंधित सड़कों को गड्ढा मुक्त व वाहनों के अनुकूल बनाए। यदि किसी विभाग की कमी की वजह से सड़क दुर्घटना में जानमाल का नुकसान होता है तो संबंधित विभाग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा। अधिकारी मीटिंग से पूर्व एजेंडे में शामिल बिंदुओं पर कार्य शुरू करें तथा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट भिजवाए। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, एएसपी प्रतीक अग्रवाल, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव विरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक के एजेंडे में शामिल बिंदुओं की समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए अल्पावधि व दीर्घ अवधि के प्रोजेक्ट तैयार करें ताकि सड़क तंत्र को सुदृढ किया जा सके। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे सांपला में सर छोटूराम चौक पर सडक़ पर गड्ढो को 27 अगस्त शाम तक भरवाना सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा साइन बोर्ड आदि भी 15 दिन में लगवाए जाए। विभाग द्वारा खरावड़ में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के साथ सर्विस लेन के गड्ढों को तुरंत भरवाया जाए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि जिला में स्थित सभी टोल टैक्सों की सभी लेन खुली रहे तथा नियमानुसार सीमावर्ती गांवों के लोगों को टोल दरों में रियायत दी जाए व संबंधित गांवों की सूची भी प्रदर्शित की जाए।



**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता।

### जलभराव का समाधान हो

डीसी सचिन गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सांपला में विश्राम गृह के पास क्षतिग्रस्त सड़क को झज्जर के संबंधित कार्यकारी अभियंता से बात कर ठीक करवाए। उन्होंने स्थानीय दिल्ली बाईपास पर जलभराव के समाधान के लिए नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी इस बिंदु पर आवश्यक कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुरानी आईएमटी में क्षतिग्रस्त सडक़ों को तुरंत ठीक करवाए तथा बारिश के मौसम के उपरांत इन सड़कों को दुरुस्त करवाएं।

### वाहनों के चालान करें

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि स्थानीय एलिवेटेड रोड के नीचे पुराना बस अड्डा के पास क्षतिग्रस्त को ठीक करवाया जाए। भिवानी रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढे भरवाएं जाएं। पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहनों के चालान किए जाए। सड़क पर वाहन पार्किंग से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि मकडौली टोल से आउटर जींद बाईपास के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल तथा संबंधित विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने खेलों में रचा इतिहास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा रिदम ने जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश सुनिश्चित किया। वहीं, अवनी ने एसजीएफआई योगा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं रिया, हीरेन सहारन, वंशिका और अंशिका ने जूडों में एसजीएफआई में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

गौरतलब है कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के निशांत ने हाई जंप में स्वर्ण पदक, अर्पित ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, तथा शिवानी ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यार्थियों की इस अद्वितीय सफलता पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान एवं विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता विद्यार्थियों, खेल प्रशिक्षक विकास व उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## सड़क और नाले के निर्माण पर उठे सवाल

# सुनारिया कलां में बारिश में गिरा नाला, किसान की फसल बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव सुनारिया कलां के मुख्य मार्ग पर सड़क और नाले के निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही उजागर हुई है। कुछ महीने पहले ही ठेकेदार द्वारा यह सड़क बनाई गई थी जो सुनारिया से डोभ की ओर खेतों के रास्ते को जोड़ती है। इसके दोनों तरफ पानी की निकासी के लिए नाले का भी निर्माण कार्य करवाया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने और सही तरीके से काम न करने के आरोप अब सामने आ रहे हैं।

किसान नफे सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि नाला पहली और दूसरी ही बारिश में खेतों की ओर गिर गया। इसके चलते खेतों में पानी भर गया और फसल बर्बाद हो गई। हमने कड़ी मेहनत से अपनी जमीन पर फसल बोई थी, लेकिन नाले की टूट-फूट और निकासी व्यवस्था की खराबी के कारण उसकी मेहनत पर पानी फिर गया। गांववालों के अनुसार किसान की फसल दो बार नाले की वजह से बर्बाद हुई है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान ही ठेकेदार ने मनमर्जी से माल लगाया और कार्य को लेकर किसी भी तरह की जांच या निगरानी नहीं की गई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। यही कारण है कि नाला पहली बारिश में ही बह गया और दूसरी बार भी खेतों में पानी भरकर नुकसान कर गया। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मिट्टी न लगाने और काम को अधूरा छोड़ने का भी आरोप लगाया है।

### ग्रामीण ने की मांग- मुआवजा दे सरकार , हम क्यों झेले नुकसान

अब सवाल यह उठता है कि किसान अपनी मेहनत और लागत का नुकसान क्यों झेले। ग्रामीणों का कहना है कि इस नुकसान की भरपाई ठेकेदार से करवाई जानी चाहिए, क्योंकि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उसी की थी। साथ ही, उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए और प्रभावित किसान को मुआवजा दिलवाया जाए।

### निर्माण में खराब सामग्री का प्रयोग किया गया इसलिए हुआ हादसा

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि ठेकेदार समय पर नाले की मरम्मत करता और सही गुणवत्ता का माल लगाता, तो आज किसान को नुकसान न उठाना पड़ता। नाले और सड़क निर्माण में लापरवाही तथा घटिया सामग्री के इस्तेमाल की जिम्मेदारी पूरी तरह ठेकेदार की है। लेकिन अभी तक ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचा और न ही नाले को ठीक करवाने के लिए कोई कदम उठाया गया।

### गंभीरता से काम करे सरकार

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार को इस मामले पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। किसान की मेहनत से बोई गई फसल को बचाना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री का उपयोग बंद नहीं हुआ, तो आए दिन किसानों को इस तरह का नुकसान उठाना पड़ेगा।

## नायब सरकार की नायाब खेल नीति से और चमकेगा खेल जगत: गजेंद्र

**रोहतक।** वर्ल्ड जूनियर कुश्ती में स्वर्ण पदक लेके विश्व विजेता बनी तपस्या गहलावत मंगलवार को मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंन्द्र फौगाट से आशीर्वाद लेने उनके कैम्प कार्यालय पहुंची। यहां फौगाट ने उसे स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उसके साथ खाप के राष्ट्रीय सचिव अशोक मलिक, तपस्या के पिता परमेश, हरियाणा गौ सेवा आयोग के जयवीर आर्य, डीपीआरओ संजीव सैनी, सीएम अवार्डी अमित दहिया समेत अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस मौके पर बोलते हुए गजेंन्द्र फौगाट ने कहा कि खेलों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए नायब सरकार द्वारा लागू की गई नायाब खेल नीति कारगर साबित हुई है। इस कड़ी में हजारों बच्चों को ग्रामीण स्तर पर उनके ही गांव में सैंकड़ों खेल नर्सरी, कोच व डाइट की सुविधा देकर उन्हें बचपन से ही अपनी खेल प्रतिभा को तराशने का मौका देना मील का पत्थर साबित होगा।



### सोसायटी व निजी बस संचालकों के प्रधान बने मुकेश अत्री

**रोहतक।** जिले के अंतर्गत आने वाले सोसाइटी बस व निजी बस संचालकों की अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश अत्री को प्रधान चुना गया। बैठक में जिलेभर के कुल 170 बस संचालक शामिल हुए। लंबी चर्चा और विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से जिला प्रधान का चुनाव किया गया। बैठक में 170 में से 110 बस संचालकों ने मुकेश अत्री पर अपना विश्वास जताया। बहुमत से समर्थन मिलने पर उन्हें जिला प्रधान नियुक्त किया गया। संचालकों ने कहा कि मुकेश अत्री लंबे समय से बस संचालकों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं और हमेशा मिल-जुलकर समाधान निकालने में आगे रहते हैं।

## क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताओं में डीएवी का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी पब्लिक स्कूल जगदीश कॉलोनी-कमला नगर के खिलाड़ियों ने क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। डीएवी सेंटेनरी स्कूल समालखा (पानीपत) में आयोजित क्लस्टर स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की खो-खो टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ डीएवी सेंटेनरी स्कूल रोहतक में आयोजित क्लस्टर स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद विद्यालय की खो-खो, स्केटिंग एवं रोप स्किपिंग टीम का चयन इंटर जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शाइनिंग स्टार्स स्कूल में करवाई गई आत्म परिचय प्रतियोगिता

**रोहतक।** शाइनिंग स्टार्स विद्यालय में 26 अगस्त को कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के लिए आत्म परिचय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किया और अपनी रचनात्मकता व संप्रेषण कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने मंच पर आकर न केवल अपना नाम, कक्षा और रुचियां बताईं, बल्कि अपनी व्यक्तित्व क्षमता को भी सबके सामने रखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण उत्साह और ऊर्जा से भरा हुआ था। प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने आत्मविश्वास, साहस और संवाद कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताएं विकसित कीं। कार्यक्रम देखकर अध्यापकों ने बच्चों की प्रशंसा की और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना की। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास जगाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ ऐसी गतिविधियों से जोड़ना है, जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभाएं उजागर हो सकें और उनका सर्वांगीण विकास हो। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज कुसुम, रिचा, पायल शर्मा, शिल्पा, पायल, मोनिका, गीतिका, योगिता, चारू, विशु, अनु, भावना और मोनिका आर्य उपस्थित रहीं।

## सांसद रामचंद्र जांगड़ा और डीसी ने महम में अधिकारियों के साथ की बैठक

# महम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लगातार मोनिटरिंग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कृषि भूमि क्षेत्र से जल निकासी के लिए सफाई पंप हाउस स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। रामचंद्र जांगड़ा महम के लघु सचिवालय में महम के विकास एवं जन सुविधाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि जलभराव के क्षेत्र पहले ही चिन्हित किए जा चुके हैं। इस स्थिति में वहां पर जल निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन, पंप सेट व बिजली के कनेक्शन न हटाया जाए। जैसे ही बरसात आए और स्विच ऑन करते ही निकासी का कार्य शुरू हो जाए, ऐसी व्यवस्था बनानी होगी। उन्होंने कहा कि स्थायी व्यवस्था करने के लिए अभी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि महम क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा लगातार मॉनिटरिंग का कार्य किया जाए। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांसद ने अधिकारियों को जलभरत व फरमाना चुंगी जोहड़ की रिमॉडलिंग भी करने के निर्देश।



**महम।** बैठक लेते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व डीसी सचिन गुप्ता।

### सुंदर शहर बनाएंगे

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बैठक में कहा कि महम को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ-साथ जन सुविधाओं के मामले में एक बेहतर शहर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अनुपालना संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। महम के जल भराव क्षेत्र का वे स्वयं दौरा कर चुके हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड में काम कर रहे हैं और जल निकासी का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जल निकासी के लिए सिंचाई विभाग को अतिरिक्त पंप सेट लगाने की अनुमति दी जाती है। महम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने निर्देश दिए की निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनता का पैसा लगता है और अधिकारी विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की खामियां न रहने दे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि महम में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से टाउन पार्क के जिर्णोद्घार का कार्य किया जा रहा है। पुरानी नगर पालिका भवन में पुस्तकालय बनाने के लिए एस्टीमेट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि महम बरसाती जल निकासी के लिए 80 करोड़ रुपए की परियोजना का टेंडर लगाया जा चुका है। इसी प्रकार से पेयजल आपूर्ति के लिए 81 करोड़ रुपए का टेंडर लगाया गया है, जिस पर जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा सीवर सफाई के लिए एक जेटिंग मशीन भी महम को जल्द मिल जाएगी। उन्होंने नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**महम।** जलभरत तालाब का निरीक्षण करते जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### जलभरत तालाब पर पहुंचे डीसी

बैठक के बाद उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जलभरत जोहड़ का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। शहर की जल निकासी के लिए जोहड़ पर एक डिस्पोजल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बनाया जाएगा।